K20U 3348

Reg. No. : ....

Name : ....

I Semester B.A./B.Sc.Degree CBCSS (OBE) Supplementary/Improvement Examination, November 2020
(2019 Admission)
ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI
1A07HIN : Hindi Kavitha

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **300** शब्दों में लिखिए । **(1×7=7)**

1) 'रेत के द्वीप पसर आए हैं' कविका की समीक्षा कीजिए ।

2) अज्ञेय की काव्यगत विशेषताओं का वर्णन करते हुए 'नाच' कविता में चर्चित साधारण व्यक्ति के जीवन की विडम्बना के स्वरों पर अपना विचार लिखिए ।

II. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर **300** शब्दों में लिखिए । **(1×7=7)**

3) 'सिटकिनी' कविता की समीक्षा कीजिए ।

4) छायावाद के चार स्तंभों का परिचय देते हुए महादेवी वर्मा की कविता 'पंथ होने दो अपरिचित' की समीक्षा कीजिए ।

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **125** शब्दों में लिखिए । **(3×3=9)**

5) कवि ने पोस्टर और आदमी की तुलना कैसे की है ?

6) 'आर्य' कविता के ज़रिए कवि क्या संदेश देना चाहता है ?

7) 'जरूरत है' कविता में प्रतिपादित दर्शन को लिखिए ।

8) 'पुतली में संसार' कविता में कवि ने नए मनुष्य की साधारणता को कैसे रेखांकित किया है ?

IV. किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(3×3=9)**

9) नाथ तू अनाथ को, अनाथ कौन मोसों ।

मो समान आरत नहिं, आरतहर तोसों ।।

P.T.O.

10) आज जिस पर प्रलय विस्मित
मैं लगाती चल रही नित
मोतियों की हाट औ'
चिनगारियों का एक मेला
हास का मधु-दूत भेजो
रोष की भ्रू-भंगिमा पतझार को चाहे सहे जो ।

11) उस रोशनी में उन खम्भों के बीच उस रस्सी पर
असल में मैं नाचता नहीं हूँ ।
मैं केवल उस खम्भे से इस खम्भे तक दोड़ता हूँ
कि इस या उस खम्भे से रस्सी खोल दूँ
कि तनाव चुके और ढील में मुझे छुट्टी हो जाए-
पर तनाव ढीलता नहीं ।

12) गंगा की धारा
दुबली, मरियल
प्रदूषण-विकल
गोया, पनबिजली के रूप में
उसका सत्त निकाल लिया है
बारहा बाँधकर ।

V. किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए । (8×1=8)

13) कबीर के अनुसार ईश्वर कहाँ बसे हैं ?

14) जार्ज ग्रियर्सन ने 'रामचरितमानस' के बारे में क्या कहा है ?

15) 'ठाकुर का कुआँ' कविता में कवि ने किस पर गहरा व्यंग्य किया है ?

16) ज्ञानेन्द्रपति की किन्हीं चार रचनाओं का नाम लिखिए ।

17) अरुण कमल को किस रचना के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार मिला ?

18) सिटकिनी में क्या खराबी है ?

19) कात्यायनी की किसी चार काव्य-संग्रहों का नाम लिखिए ।

20) अर्जुन की जगह नए युग का एक यथार्थवादी व्यक्ति क्या-क्या देखता है ?

21) गंगा की धारा किस तरह दुबली और मरियल बन गया ?

22) लीलाधर जगूड़ी को किस रचना के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार प्राप्त हुआ और कब ?